# रंगोत्सव की धूम, जुलूस में जमकर नाचे हुरियारे



**बेगमगंज, 5 मार्च. नगर में 30 सार्वजनिक स्थानों पर सोमवार को होलिका दहन विधिविधान से पूजा-अर्चना के साथ संपन हुआ.लेकिन सूतक लगने एवं चंद्रग्रहण होने के कारण रंगोत्सव मंगलवार की जगह बुधवार को मनाया गया. हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में अध्यक्ष डॉ.जितेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में चारों ओर रंगों की बौछार ओर अबीर उड़ाते हुए जुलूस में शामिल विधायक देवेंद्र पटेल , एसडीएम सौरभ मिश्रा सहित भारी संख्या में शामिल हुरियारे डीजे, डोल-मंजीरे की धुन पर नाचते -गाते और एक -दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हुए चल रहे थे.**

जुलूस पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड , भोपाल रोड , महाराणा प्रताप मार्ग, गांधी बाजार, काबीट चौराहा , बजरिया , चल समारोह मार्ग पक्का फाटक से वापस पुराना बस स्टैंड पहुंचकर समाप्त हुआ.इसके अलावा विधायक देवेंद्र पटेल के निवास पर होली मिलन समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर होली खेली. वहीं रात-दिन की भागमभाग के बाद शांतिपूर्ण त्यौहार संपन होने पर थाना परिसर में खाकी सतरंगी रंग में सराबोर नजर आई. एसडीओपी सोनाली गुप्ता एवं थानाप्रभारी राजीव उइके के साथ सभी पुलिसकर्मियों द्वारा जमकर रंग उड़ाया. होली के फिल्मी गीतों पर टीआई राजीव उइके , सब-इंस्पेक्टर संदीप पवार , राजकुमार सिंह चौधरी , एएसआई संतोष गीद , गणेश चौरस.सहित सभी पुलिसकर्मी जमकर थिरके.

## हिंदू उत्सव समिति ने निकाला चल समारोह



सिलवानी, 5 मार्च. रंगों के पर्व होली के अवसर पर नगर में हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में चल समारोह निकाला गया.चल समारोह प्राचीन श्रीराम मंदिर जमुनियपुरा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होकर श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर बजरंग चौराहा पहुंचा.चल समारोह में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और ढोल-नगाड़ों व डीजे की धुन पर उत्साहपूर्वक नाचते-गाते हुए होली का आनंद लिया.

चल समारोह में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं.बुधवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही गली-मोहल्लों और चौक-चौराहों पर बुरा न मानो होली है' की गूंज सुनाई देती रही.लोग टोलियां बनाकर सड़कों पर निकले और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी. ढोल की थाप और तेज संगीत की धुन पर युवा जमकर झूमते दिखाई दिए. बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों में सराबोर नजर आए लोगों ने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और भाईचारे के इस पर्व को मिलजुलकर मनाया.कई स्थानों पर लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर मिठाइयों और पारंपरिक पकवानों का स्वाद लिया.

इससे पूर्व सोमवार की रात्रि में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया.बड़ी संख्या में लोग होलिका दहन स्थल पर एकत्रित हुए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की. ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर फाग गीत गाए गए. ढोलक और टिमकी की थाप पर ग्रामीणजन झूमते नजर आए .एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं.



## बहनों ने लगाया भाइयों के माथे पर तिलक

**सिलवानी, 5 मार्च .**नगर में भाई दूज का पर्व गुरुवार को परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया .बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगा कर उनकी लंबी उम्र की कामना की .वहीं भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया . सुबह से ही बहनों में उत्साह देखा गया .शुभ मुहुर्त में पूजन के पश्चात घर- घर भाई दूज पर कार्यक्रम आयोजित किए गए . यहां पर पूर्ण विधि विधान के साथ चौक बना कर चौकी पर भाई को बैठाया गया . माथे पर तिलक लगाया कर मुंह मीठा कराया गया .भाई ने भी उपहार देकर बहन की रक्षा का वचन लिया .





## होली पर उदयपुरा में खूब उड़ा गुलाल

**उदयपुरा,5 मार्च.** नगर सहित क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ बनाया गया. इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में स्थानीय गांधी चबूतरा से होली का जुलूस निकाला गया. जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ शोक संतृप्त परिवारों में पहुंचा. जुलूस में शामिल सभी लोगों ने तिलक लगाकर अनरय की रस्म की. इस मौके पर बैंड बाजे के साथ निकाले गए होली के भव्य जुलूस में रंग गुलाल उड़ाते हुए एक दूसरे.को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं.

## धूमधाम से मनेगी रंगपंचमी

**बेगमगंज, 5 मार्च.** नगर में कई वर्षों के अंतराल के बाद इस वर्ष सिद्ध शिवालय धाम मंदिर समिति द्वारा रंगपंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा. लंबे समय बाद आयोजित हो रहे इस भव्य कार्यक्रम को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है. समिति द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में हैं और मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया जाएगा. कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे सिद्ध शिवालय मंदिर में भगवान के संग फूल-गुलाल की होली से होगी. श्रद्धालु भक्तिभाव से भगवान का पूजन-अर्चन कर रंगों के इस पावन पर्व का आनंद लेंगे. इसके बाद सिद्ध शिवालय धाम मंदिर से जुलूस निकलेगा. जुलूस नगर के प्रमुख मार्ग पुराना स्टैंड, नया बस स्टैंड, महाराणा प्रताप रोड होते हुए पुनः शिवालय धाम पहुंच कर समाप्ता होगा. जुलूस के दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों के साथ गुलाल उड़ाएंगे. मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का भी आयोजन होगा. सिद्ध शिवालय धाम समिति ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

## कायमपुर के ठाकुर बाबा मंदिर में मेले का आयोजन

### राई नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

**सलामतपुर, 5 मार्च .** सांची विकासखंड के कायमपुर गांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ठाकुर बाबा का पारंपरिक मेला भाई दूज पर आयोजित किया गया . मेले को लेकर ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल रहा .आयोजन में बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु पहुंचे .मेले में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया .विशेष रूप से बुंदेलखंड अंचल का प्रसिद्ध राई नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा . जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग कायमपुर पहुंचे . आयोजन समिति द्वारा मेले की तैयारियां कुछ दिन पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई थीं . समिति के आह्वान पर क्षेत्र के दुकानदारों और व्यापारियों ने मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाईं .

### ठाकुर बाबा के यहां मन्नत होती है पूरी

ग्रामीणों का मानना है कि ठाकुर बाबा का मेला क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रतीक है, जो सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करता है .बता दे कि कायमपुर में हर साल होली के बाद भाई दूज पर प्राचीन ठाकुर बाबा मंदिर पर मेला लगता है एवं राई नृत्य का आयोजन होता है .कई ग्रामीणों का कहना है कि ठाकुर बाबा के यहां जो भी मन्नत मांगते हैं वह पूरी होती है इसलिए यहां पर राई नृत्य होता है .

### एक नजर में

## प्रो . वैद्यनाथ लाभ को दी श्रद्धांजलि

**सलामतपुर,5 मार्च .** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो . वैद्यनाथ लाभ को विश्वविद्यालय परिवार द्वारा श्रद्धांजलि दी गई .



प्रशासनिक भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कुलसचिव प्रो . आर .एन गुप्ता और अधिष्ठाता अकादमिक प्रो . नवीन कुमार मेहता ने भावपूर्ण उद्गार व्यक्त किए .विश्वविद्यालय परिवार ने प्रो . लाभ के कार्यकाल को याद किया . सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रो . वैद्यनाथ लाभ के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और उनके कार्यकाल को याद किया . सलामतपुर-सांची स्थित परिसर में सभी ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की . प्रो . वैद्यनाथ लाभ का लंबी बीमारी के चलते 2 मार्च को निधन हो गया था . सांची विश्वविद्यालय में कुलगुरु के रूप में अपनी सेवाएं देने से पूर्व प्रो . वैद्यनाथ लाभ 2018 में नवनालंदा महाविहार के पहले नियमित कुलपति रह चुके थे .

## खाड़ी देशों में फंसे लोगों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**रायसेन, 5 मार्च .** वर्तमान अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत मध्यप्रदेश शासन द्वारा खाड़ी देशों में रह रहे मध्यप्रदेश के निवासियों की सहायता के लिए मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में 24×7 कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है .मध्यप्रदेश के निवासी जो खाड़ी देशों में अध्ययन, नौकरी, व्यवसाय, पर्यटन, इत्यादि के लिए गये, वर्तमान परिस्थितियों में किसी प्रकार की सहायता की अपेक्षा करते हों तो वे कंट्रोल रूम में संपर्क कर सकते हैं .कंट्रोल रूम की सहायता से मध्यप्रदेश शासन द्वारा संबंधितों को भारत सरकार एवं संबंधित अन्य एजेंसियों से संपर्क करते हुए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी .कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर - 011-26772005, वॉट्सएप नंबर - 9818963273 और ईमेल आईडी mphelp deskgulf@gmail.com हैं.

## डायवर्सन शुल्क जमा नहीं कराने पर वेयर हाउस सील

**रायसेन,5 मार्च .** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सभी एसडीएम, तहसीलदारों को डायवर्सन शुल्क, भू-राजस्व सहित अन्य राजस्व समय से जमा नहीं कराने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं . इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देशन में गुरुवार को गैरतगंज तहसील में डायवर्सन की राशि तथा भू-राजस्व जमा नहीं करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए कड़ी कार्यवाही की गयी . अनुविभागीय अधिकारी गैरतगंज अंकित कुमार जैन द्वारा गैरतगंज तहसील के ग्राम पठारी में डायवर्शन शुल्क जमा नहीं किए जाने पर मुकेश अग्रवाल आत्मज भगवानदास निवासी रायसेन के स्पेस वेयरहाउस को सील किया गया .लगातार नोटिस के बाद भी डायवर्शन की राशि जमा नहीं कराए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी जैन ने यह कार्यवाही की है . उन्होंने बताया कि सभी बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी किए जा चुके है, राजस्व शुल्क जमा नहीं कराने पर तहसील क्षेत्र में आगे भी लगातार कार्यवाही की जाएगी . इस दौरान नायब तहसीलदार देवनगर योगेश्वर भारती, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे .

## मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

**सलामतपुर, 5 मार्च.भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 के बेरखेड़ी चौराहे के पास गुरुवार दोपहर अचानक सामने आए कुत्ते को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार दंपती सड़क पर गिर गए. दुर्घटना में कुत्ता तो बच गया लेकिन मोटरसाइकिल चालक को पैर में ज्यादा चोटें आई हैं**

.जानकारी मिलते ही सलामतपुर थाने से डायल 112 के पायलट मुकेश विश्वकर्मा और प्रधान आरक्षक संजय रघुवंशी मौके पर पहुंचे. घायल को प्राथमिक उपचार हेतु सांची सिविल अस्पताल भर्ती में किया है.पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बेरखेड़ी चौराहे के पास भोपाल से विदिशा जा रहे मोटरसाइकिल सवार जगदीश अहिरवार पिता बलराम अहिरवार 34 वर्ष निवासी ऐशबाग भोपाल अपनी पत्नी आरती अहिरवार 29 वर्ष और एक दो साल की बच्ची के साथ जा रहे थे.तभी रास्ते में बेरखेड़ी चौराहे के पास अचानक एक कुत्ता सामने आ गया.जिसको बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सड़क पर गिर गई.जिससे चालक जगदीश अहिरवार को पैर में चोटें आ गईं.वो तो गनीमत रही कि पीछे बैठी पत्नी आरती अहिरवार और 2 साल की बेटी बाल-बाल बच गए.वहीं घायल जगदीश के पैर में फैक्चर होने की वजह से सांची अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया है.

**कुत्ते को बचाने के चक्कर में हादसा**



## ज्योति श्रीवास्तव बनीं महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष

**उदयपुरा.** उदयपुरा के निकटवर्ती नर्मदा तटीय गांव अंडिया निवासी शिक्षिका एवं कवियत्री ज्योति



श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेशाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, रायसेन जिले के जिलाध्यक्ष रामकृपाल श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री ब्रजेश श्रीवास्तव एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के उपाध्यक्ष (राजनैतिक प्रकोष्ठ) डॉ. अमित श्रीवास्तव की अनुशंसा पर की गई है.कई लोगों ने ज्योति श्रीवास्तव को बधाई दी है.



## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, चालक गंभीर

▸ भोपाल-विदिशा हाइवे पर आए दिन हो रहे हादसे

**सलामतपुर, 5 मार्च. सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे-18 पर कुल्हाड़िया पेट्रोल पंप के पास मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे सड़क हादसा हो गया. भोपाल से विदिशा जा रहे एक बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.**

जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान विदिशा निवासी संतोष के रूप में हुई है.घटना की सूचना मिलत.ही पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया गया.वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें भोपाल रेफर कर दिया.

**हाइवे पर कई अंधे मोड़:** भोपाल विदिशा हाइवे के कई स्थानों पर अंधा मोड़ होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है.अभी कुछ समय पहले ही एक तेज रफ्तार कार युवक को टक्कर मारते हुए द्वारकाधीश मंदिर की दीवार में घुस गई थी.टक्कर से युवक के हाथ व सिर में गंभीर चोटें आईं थीं. कार चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए युवक इंद्रजीत सिंह पिता मान सिंह शिल्पकार को टक्कर मारी थी. वे अपनी मोपेड से दुकान की ओर जा रहे थे. कार टक्कर मारते हुए मंदिर की दीवार में घुस गई थी.टक्कर स.इंद्रजीत को हाथ व सिर में गंभीर चोटें आईं थीं.उसकी मोपेड भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी. गौरतलब है कि इन अंधेमोड़ पर सुरक्षा के कोई भी उपाय नहीं किये गए हैं. संकेतक भी नही लगाए हैं.

थाना क्षेत्र के कुल्हाड़िया टैंक के पास दुर्घटना में बाइक चालक को गंभीर चोटें आईं हैं .ट्रक जब्त कर मामल .को जांच में लिया है .

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर

### धार्मिक ▸ तेज धूप में भोपाल-विदिशा हाइवे पर दिखी आस्था की मिसाल

## चाचा-भतीजे पिंड भरते धार्मिक यात्रा पर निकले

**सलामतपुर, 5 मार्च. मार्च का महीना शुरू होते ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे-18 पर आस्था का अनोखा नजारा देखने को मिला. यहां दो युवक सड़क पर पिंड भरते हुए करीब 180 किलोमीटर की धार्मिक यात्रा पर निकले हैं.**

जानकारी के अनुसार भोपाल के तार सेवनिया से विदिशा जिले के गंजबासौदा के आगे स्थित नूरपुर गांव में भैरव बाबा के स्थान तक यह यात्रा की जा रही है.इस कठिन यात्रा में चाचा-भतीजे



देवेंद्र पाल और गोलू पाल बारी-बारी से पिंड भरते हुए आगे बढ़ रहे हैं.

यात्रा कर रहे गोलू पाल ने बताया कि उन्होंने यह धार्मिक यात्रा बुधवार को शुरू की थी गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वे रायसेन जिले के भोपाल-विदिशा हाइवे से होते हुए जा रहे हैं.उन्होंने बताया कि यह पूरी यात्रा लगभग 180 किलोमीटर की है और इस तरह पिंड भरते हुए गंतव्य तक पहुंचने में करीब 15 दिन का समय लगेगा.

गोलू पाल ने बताया कि इस यात्रा के दौरान वे और उनके चाचा बारी-बारी से पिंड भरते हैं.वहीं उनका परिवार ऑटो से आगे निकल गया है, जो रास्ते में अलग-अलग स्थानों पर मिल जाता है. कड़ी धूप और लंबी दूरी के बावजूद दोनों श्रद्धालुओं की आस्था और संकल्प देखते ही बन रहा है.सड़क से गुजरने वाले लोग भी इस अनोखी धार्मिक यात्रा को देखकर उनकी श्रद्धा को नमन कर रह.हैं.